# महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर

## राष्ट्रीय सेवा योजना

# सेवा पथ

### मासिक ई-पत्रिका



• वर्ष – 1 • अंक – 2 • सितम्बर, 2023

प्रकाशक

राष्ट्रीय सेवा योजना

coordinator.nss@mgug.ac.in, mguniversitygkp@mgug.ac.in www.mgug.ac.in

Arogya Dham, Balapar Road, Sonbarsa, Gorakhpur-273007 (U.P.) coordinator.nss@mgug.ac.in www.mgug.ac.in

# राष्ट्रीय सेवा योजना

## विश्वविद्यालय संगठन

कुलपति : मेजर जनरल (डॉ.) अतुल वाजपेई
कुलसचिव : डॉ. प्रदीप कुमार राव
कार्यक्रम समन्वयक : डॉ. अखिलेश कुमार दूबे

## ईकाई एवं कार्यक्रम अधिकारी

| इकाई सं0 | इकाई कोड | इकाई का नाम | कार्यक्रम अधिकारी का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | UP-80/001/23/001 | महायोगी आदिनाथ | डॉ विकाश कुमार यादव |
| 2 | UP-80/002/23/101 | महायोगी मत्स्येन्द्रनाथ | डॉ जशोवन्त डनसना |
| 3 | UP-80/003/23/201 | महायोगी उदयनाथ | श्री धनन्जय पाण्डेय |
| 4 | UP-80/004/23/301 | महायोगी सत्यनाथ | सुश्री श्रुति कुशवाहा |
| 5 | UP-80/005/23/401 | महायोगी संतोषनाथ | सुश्री सुप्रिया गुप्ता |
| 6 | UP-80/006/23/501 | महायोगी अचल-अचम्बेनाथ | सुश्री सत्यभामा सिंह |
| 7 | UP-80/007/23/601 | महायोगी गजकन्थड़नाथ | सुश्री खुशबू |
| 8 | UP-80/008/23/701 | महायोगी चैरंगीनाथ | सुश्री अमिरता |

## सम्पादक

डॉ. अखिलेश कुमार दूबे

## ग्राफिक्स एवं डिजाइन

शारदानन्द पाण्डेय

# राष्ट्रीय सेवा योजना एक नजर में...

भारत में राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा छात्रों का प्रथम कर्तव्य उनके अध्ययन की अवधि को केवल बौद्धिक ज्ञान तक ही सीमित न रखकर स्वयं को ऐसे व्यक्तियों की सेवा में समर्पित करना है जिन्हें राष्ट्र की वस्तुओं और सेवाओं की आवश्यकता हो और उन्हें हमारे देश की आवश्यक वस्तुएं प्रदान की जा सके, जो कि समाज के लिए अतिआवश्यक है।

स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् डॉ. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में स्वैच्छिक आधार पर शैक्षिक संस्थाओं में **''राष्ट्रीय सेवा''** आरम्भ करने की सिफारिश की गयी थी। सन् 1959 में शिक्षा मंत्री के सम्मेलन के समक्ष योजना का एक मसौदा रखा गया। इस दिशा में सटीक सुझाव देने के लिए **28 अगस्त, 1959** को **डॉ. सी.डी. देशमुख** की अध्यक्षता में एक **''राष्ट्रीय सेवा समिति''** का गठन किया गया।

सन् 1960 में भारत सरकार की पहलता पर प्रो. के.जी. सैय्यदेन ने विश्व के कई देशों में छात्रों द्वारा क्रियान्वित **''राष्ट्रीय सेवा''** का अध्ययन किया और कई सिफारिशों के साथ सरकार को युवाओं के लिए **''राष्ट्रीय सेवा''** शीर्षक के तहत अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। डॉ. डी.एस. कोठारी (1964–66) की अध्यक्षता में शिक्षा आयोग ने यह सिफारिश दी की शिक्षा के सभी स्तरों पर छात्रों को सामाजिक सेवा के किसी रूप से जोड़ा जाना चाहिए। इस पर अप्रैल, 1967 में राज्य शिक्षा मंत्री द्वारा उनके सम्मेलन के दौरान विचार किया गया की **''राष्ट्रीय सेवा योजना''** (एन.एस.एस.) नामक एक नया कार्यक्रम प्रदान किया जा सकता है। सितम्बर, 1969 में सभी विश्वविद्यालयों के कुलपति के सम्मेलन में इस सिफारिश का स्वागत किया गया।

मई. 1969 में शिक्षा मंत्रालय तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा संचालित विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षा संस्थाओं के छात्र प्रतिनिधियों के सम्मेलन में घोषणा की गई कि **''राष्ट्रीय सेवा योजना''** राष्ट्रीय एकता के लिए सशक्त माध्यम हो सकती है। 24 सितम्बर, 1969 को तत्कालीन शिक्षामंत्री डॉ. वी.के. आर.वी. राव ने सभी राज्यों को शामिल करते हुए 37 विश्वविद्यालयों में **''राष्ट्रीय सेवा योजना''** (एन.एस.एस.) कार्यक्रम आरंभ किया। जिसका प्रथम उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वैच्छिक सामुदायिक सेवा के माध्यम से उनके व्यक्तित्व और चरित्र का विकास करना ही नही अपितु है **'सेवा के माध्यम से शिक्षा देना'** ही राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य है।

आज राष्ट्रीय सेवा योजना विश्व भर में राष्ट्रीय विकास, सेवा, शांति, राष्ट्र निर्माण की दिशा में कार्य करने वाले छात्र समूह की सबसे बड़े रचनात्मक संगठन के रूप में हमारे सामने है। राष्ट्रीय सेवा योजना ने अपने गौरवशाली वर्षों में युवा जागरुकता, राष्ट्र निर्माण और विश्व शांति के लिए अनेकानेक कार्यक्रमों के साथ अपनी पहचान बनाई है। ऐसे महान संगठन में आपका स्वागत है।

आइए! हम सब मिलकर एक समृद्ध राष्ट्र, एक विकसित राष्ट्र, एक जागृत राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान दें।

जय हिंद, जय भारत।

# कार्ययोजना

राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों को सृजनात्मक एवं रचनात्मक कार्यों के प्रति प्रेरित कर समाज सेवा का अवसर प्रदान कर उनके व्यक्तित्व को निखारने एवं भविष्य में उन्हें कर्त्तव्यनिष्ठ, संवेदनशील तथा उपयोगी नागरिक के रूप में संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। राष्ट्रीय सेवा योजना से प्राप्त प्रमाण–पत्र स्वयं सेवकों के अच्छे भविष्य के निर्माण में सहायक हैं। विद्यार्थी शासकीय तथा गैर शासकीय सेवाओं में इन प्रमाण–पत्रों का प्रयोग कर सकते हैं। उच्चतर कक्षाओं के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के समय राष्ट्रीय सेवा योजना प्रमाण–पत्र धारक छात्रों को अतिरिक्त बोनस अंक भी दिये जाते हैं।

**राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत दो प्रकार के कार्यक्रमों का संचालन होते हैं :–**

**1. सामान्य कार्यक्रम        2. विशेष शिविर कार्यक्रम**

**1.सामान्य कार्यक्रम :–**

सामान्य कार्यक्रम के अन्तर्गत **'राष्ट्रीय सेवा योजना'** में पंजीकृत प्रत्येक विद्यार्थी को स्वयं सेवक के रूप में एक वर्ष में कम से कम 120 घंटे का समाज सेवा कार्य करना पड़ता है और दो वर्ष की अवधि में अर्थात् 240 घंटे का समाज सेवा कार्य पूरा करने पर उसे विश्वविद्यालय/महाविद्यालय से प्रमाण पत्र दिया जाता है।

**2. विशेष शिविर कार्यक्रम:–**

राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रत्येक इकाई द्वारा वर्ष में एक दस दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जाता है। शिविर विश्वविद्यालय महाविद्यालय के निकट किसी ग्राम में लगाया जाता है। विशेष शिविर में शिविर अनुभव भी अपना एक विशेष महत्व रखता है। इसमें भाग लेने वाले प्रतिभागी शिविर जीवन का अनुभव प्राप्त करते हैं तथा एक अच्छे नागरिक के कर्तव्य का पालन एवं समाज के लिए वे क्या सेवा कर सकते हैं इसका ज्ञान प्राप्त करते हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना की विभिन्न इकाईयों द्वारा स्थानीय आवश्यकताओं स्त्रोतों और कुशल व्यक्तियों को देखते हुए विविध प्रकार के कार्यक्रम अभिग्रहित क्षेत्रों में लिए जा सकते हैं। इसके अतिरिक्त विद्यार्थीगण अन्य क्षेत्रों में भी कार्य के लिए स्वतंत्र होंगे।

**राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित गतिविधियाँ होती हैं–**

- शिक्षा एवं मनोरंजन इसके अन्तर्गत साक्षरता, स्कूली शिक्षा पाठशाला छोड़ने वाले बच्चों की शिक्षा बालगृहों में कार्यशाला प्रवेश कार्यक्रम सांस्कृतिक गतिविधियाँ ग्रामीण एवं देशी खेलकूद सामाजिक बुराईयों के उन्मूलन पर चर्चाएं एवं जागरूकता के कार्यक्रमों का आयोजन मुख्य है।

- आपातकाल के कार्यक्रम विद्यार्थियों को प्रमुख रूप से लोगों को उनकी असहायता पर काबू पाने योग्य बनाने के लिए उनके साथ मिलकर कार्य करने सम्बन्धी कार्यक्रमों पर जोर देना चाहिए। इसके अलावा प्राकृतिक विपदाओं जैसे– भूकम्प, बाढ, तूफान आदि के आने पर सहायता और पुन्नर्वास कार्यों में स्थानीय लोगों अधिकारियों संस्थाओं को सहयोग देना प्रमुख हैं।

- पर्यावरण संवर्धन एवं परिक्षण ऐतिहासिक स्मारकों पुरावशेषों व अन्य सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण एवं उनके प्रति चेतना पैदा करना पर्यावरण के प्रति समाज में चेतना जागृत करना वृक्षारोपण उनका बचाव और अनुरक्षण स्वच्छता के लिए सड़कों गलियों नालियों तालाबों पोखरों कुओं आदि की सफाई भूमि क्षरण की रोकथाम तथा भूमि सुधार गोबर गैस संयत्र सौर ऊर्जा के प्रयोग का प्रचार करना।

- स्वास्थ्य परिवार कल्याण और आहार पोषण कार्यक्रम टीकाकरण रक्तदान स्वास्थ्य शिक्षा और प्राथमिक स्वास्थ्य की देखभाल जनसंख्या शिक्षा और परिवार कल्याण रोगियों अनाथों वृद्धों की सहायता स्वच्छ पेयजल के प्रदाय की व्यवस्था एकीकृत बाल विकास तथा पौष्टिक आहार कार्यक्रमों का संचालन।

- महिलाओं के स्तर सुधार के कार्यक्रम महिलाओं की शिक्षा तथा उन्हें अपने संवैधानिक और कानूनी अधिकारों के प्रति सचेत करना उनके सशक्तीकरण के उपाय सुझाना उन्हें आत्मनिर्भर बनाने हेतु विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण आदि कार्यक्रम संचालित करना।

- उत्पादनोन्मुखी कार्यक्रम उन्नत कृषि के तरीकों की जानकारी कीट व खरपतवार नियंत्रण भूमि परिक्षण एवं उपजाऊपन की देखभाल कृषि यंत्रों की देखभाल सहकारी समितियों के सुदृढ़ीकरण और उनके प्रोत्साहन के लिए फार्म पशु पालन कुक्कुट पालन पशु स्वास्थ्य के बारे में सहायता एवं मार्गदर्शन कृषि तकनीकों के प्रयोग के प्रति जागरूकता पैदा करना आदि।

- अन्य गतिविधियाँ जो स्थानीय आवश्यकताओं एवं प्राथमिकताओं के आधार पर की जाएँ।

## स्वच्छता अभियान (कृषि विज्ञान संकाय)

दिनांकः **05 सितम्बर, 2023** को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में **राष्ट्रीय सेवा योजना** के तत्वाधान मे डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्ण जी के जन्म दिवस एवं शिक्षक दिवस के अवसर पर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत महायोगी आदिनाथ इकाई के तत्वाधान में कृषि विज्ञान एवं सम्बद्ध उद्योग संकाय के डॉ. विकास कुमार यादव के अध्यक्षता विश्वविद्यालय परिसर मे 'स्वैच्छिक श्रमदान' का आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ जिसमें सभी छात्रों के द्वारा विश्वविद्यालय के वातावरण को शुद्ध बनाए रखने के लिए विश्वविद्यालय प्रांगण में साफ–सफाई का कार्य किया। जिसमें कृषि विज्ञान एवं उद्योग संकाय के छात्र एवं छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम को सफल कराने में **राष्ट्रीय सेवा योजना** के कार्यक्रम अधिकारी एवं कृषि संकाय के समस्त शिक्षकगणों का विशेष योगदान रहा।



स्वैच्छिक श्रमदान करते हुए कृषि संकाय के प्राध्यापक व विद्यार्थी।

## शिक्षक दिवस (गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस)



शिक्षक दिवस विद्यार्थियों को सम्बोधित करते डॉ. नवीन के.।

दिनांकः **05 सितम्बर, 2023** को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अंतर्गत संचालित गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (आयुर्वेद संकाय) एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की मत्स्येंद्रनाथ ईकाई के संयुक्त तत्वाधान में शिक्षक दिवस मनाया गया। आयुर्वेद विद्यालय के अकादमिक इंचार्ज डॉ. नवीन एवं समस्त वरिष्ट शिक्षकों ने द्वीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

डॉ. नवीन ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि शिक्षक दिवस हमारे देश के द्वितीय राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन के अवसर पर मनाया जाता है। 'शिक्षक दिवस' शिक्षा प्रणाली के अंतर्गत आने वाला वो दिन है जब हम अपने शिक्षकों, मार्गदर्शकों को स्मरण करते हैं व उन्हें सम्मान अर्पित करतें हैं। कार्यक्रम मे आयुर्वेद संकाय के छात्रों एवं छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपना शिक्षकों का सम्मान किया।

## स्वैच्छिक श्रमदान (सम्बद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय)

दिनांकः **05 सितम्बर, 2023** को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णनन जी के जन्म दिवस के दिन को हम शिक्षक दिवस के रूप में मनाते हैं।

स्वच्छता अभियान योजना के अंतर्गत महायोगी उदयनाथ इकाई के तत्वाधान में सम्बद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो. सुनील कुमार सिंह की अध्यक्षता में शिक्षक दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर मे 'स्वैच्छिक श्रमदान' का आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। जिसमें सभी छात्रों के द्वारा विश्वविद्यालय के वातावरण को शुद्ध बनाए रखने के लिए विश्वविद्यालय प्रांगण में साफ–सफाई का कार्य किया। जिसमें सम्बद्ध स्वास्थ्य विज्ञान के छात्र एवं छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी धनंजय पाण्डेय एवं सम्बन्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के समस्त शिक्षकगण ने विशेष भूमिका निभाई।



शिक्षक दिवस पर स्वैच्छिक श्रमदान करते विद्यार्थी।

## विश्व साक्षरता दिवस : व्याख्यान (गुरू गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस)



विश्व साक्षरता दिवस पर व्याख्यान देते डॉ. जशोबन्ता डनसना।

दिनांकः **08 सितम्बर, 2023** को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के अन्तर्गत संचालित गुरू गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (आयुर्वेद कॉलेज) में आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत **राष्ट्रीय सेवा योजना** की महायोगी मत्स्येन्द्रनाथ इकाई द्वारा विश्व साक्षरता दिवस पर ''व्याख्यान कार्यक्रम'' का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में महायोगी मत्स्येन्द्रनाथ इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जशोबन्त डनसना रहें।

उन्होंने अपने व्यक्तव्य में कहानियों के माध्यम से शिक्षा एवं साक्षरता के बारे में बताया कि 8 सितम्बर 1966 को पहली बार विश्व साक्षरता दिवस मनाया गया था, जिसका मुख्य उद्धेश्य समाज के विभिन्न समुदायों एवं व्यक्तियों को साक्षरता के महत्व के बारे में बताना है एवं उसके बढ़ावे पर जोर देना था। प्रत्येक वर्ष UNESCO दुनिया में विश्व समुदाय के अन्दर सीखने एवं साक्षरता को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। 26 अक्टूबर 1966 में UNESCO ने 14वें जनरल कान्फ्रेंस में घोषणा किया था कि प्रत्येक वर्ष 8 सितम्बर को विश्व साक्षरता दिवस मनाया जायेगा। यह दिवस मानव विकास एवं समाज के लिए उनके अधिकारों को जानने एवं साक्षरता की ओर मानव चेतना को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है।

कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यार्थियों द्वारा सरस्वती वंदना कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन आचार्य साध्वीनन्दन पाण्डेय के द्वारा एवं आभार ज्ञापन डॉ. अनामिका अरजरिया के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने अपनी सहभागिता दी।

## स्वच्छता अभियान (सम्बद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय)

दिनांकः **09 सितम्बर, 2023** को आजादी के अमृत महोत्सव के श्रृंखला में महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अंतर्गत संचालित सम्बद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो. सुनील कुमार सिंह की अध्यक्षता में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें संकाय के सभी विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय के विभिन्न भागो की सफाई का कार्य कर स्वच्छता अभियान में अपना अहम योगदान दिया।

स्वच्छता अभियान महायोगी उदयनाथ इकाई के कार्यक्रम अधिकारी श्री धनंजय पाण्डेय की देखरेख में सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। जिसमें विद्यार्थियों के साथ सभी प्राध्यापकों ने भी अपनी एकीकृत सहभागिता सुनिश्चित की।



स्वच्छता अभियान में श्रमदान करते सम्बद्ध स्वास्थ्य विज्ञान के विद्यार्थी।

## स्वच्छता अभियान : (कृषि संकाय)



आयुर्वेद संकाय के सामने क्यारियों की सफाई करते स्वयंसेवक।

दिनांकः **09 सितम्बर, 2023** को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में **राष्ट्रीय सेवा योजना** की महायोगी आदिनाथ इकाई के स्वयसंवकों ने विश्वविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अखिलेश कुमार दूबे के नेतृत्व में सफाई एवं स्वच्छता का कार्य कराया गया। जिसमें विश्वविद्यालय परिसर के विभिन्न भागों जैसे– आयुर्वेद कॉलेज के सामने की क्यारियां, वाटिका के फुल–पौधे, घास इत्यादि की साफ–सफाई का कार्य किया गया एवं कृषि संकाय के छात्रों ने सभी स्वंयसेवक को नवीन क्यारियो का निर्माण करने की विधि करके सिखाया। इन सभी कार्यो में स्वंयसेवक शिवम, प्रियांश, साक्षी, संदीप इत्यादि के अलावा दोनों इकाई के स्वंयसेवको ने बड़े मनोयोग के साथ कार्य किया।

कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में कार्यक्रम अधिकारी विकाश कुमार यादव ने अहम भूमिका निभाई।

## स्वच्छता अभियान (कृषि संकाय)

दिनांकः 15 सितम्बर, 2023 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान मे भारत सरकार द्वारा संचालित 15 सितंबर से 02 अक्टूबर के कार्यक्रम योजना 'स्वच्छता ही सेवा' के अंतर्गत विश्वविद्यालय के परिसर को सुंदर एवं स्वच्छ बनाने का अभियान चलाया गया। जिसमें कृषि संकाय के डॉ. विकाश कुमार यादव के अध्यक्षता विश्वविद्यालय परिसर मे 'स्वच्छता अभियान' का आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। जिसमें सभी छात्रों के द्वारा विश्वविद्यालय के वातावरण को शुद्ध बनाए रखने के लिए विश्वविद्यालय प्रांगण में साफ–सफाई का कार्य किया गया एवं स्वच्छता से सम्बन्धित मुख्य बिंदुओ पर चर्चा हुई। जिसमें कृषि संकाय के छात्र एवं संकाय के समस्त शिक्षकगण ने विशेष भूमिका निभाई।



सफाई का कार्य करते आदिनाथ ईकाई के स्वयंसेवक।

## "विश्व ओजोन दिवस" (सम्बद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय)



स्वैच्छिक श्रमदान देते कृषि विज्ञान संकाय के प्राध्यापक व विद्यार्थी।

दिनांकः 16 सितम्बर, 2023 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के उदयनाथ इकाई के तत्वाधान में सम्बद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो. सुनील कुमार सिंह की अध्यक्षता में "विश्व ओजोन दिवस" के अवसर पर भाषण और चित्रकला की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें शिवम पांडेय, शगुन, विंध्यवासिनी और प्रितेश ने भाषण में प्रतिभाग किया। इसके साथ–साथ सम्बद्ध स्वास्थ्य विज्ञान के सभी विद्यार्थियों ने चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें प्रथम स्थान दुर्गेशनंदिनी द्वितीय स्थान, शिवानी सिंह एवं तृतीय स्थान पर अर्चिता गुप्ता एवं शिवानी यादव प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेवक शिवम पाण्डेय ने किया।

## "विश्व ओजोन दिवस" एवं ::स्वच्छता ही सेवा" (कृषि संकाय)






विश्व ओजोन दिवस पर स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में गाजर घास एवं कृषि विज्ञान के उद्यान भूमि पर सफाई का कार्य करते स्वयंसेवक।

दिनांकः 16 सितम्बर, 2023 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में विश्व ओजोन दिवस' एव 'स्वच्छता ही सेवा' कार्यक्रम के अंतर्गत व्याख्यान एवं परिसर में सफाई अभियान का कार्य किया गया। व्याख्यान में डॉ. हरी कृष्ण कृषि संकाय के सह अध्यापक ने 'गाजर घास' (खर–पतवार) का दुष्प्रभाव बताते हुए बताया की इसका वातावरण, मनुष्य एवं जानवर पर किस तरह दुष्प्रभाव पड़ता है और इससे बचने के लिए इसके नियंत्रण की विधियां बताई। कृषि संकाय के अधिष्ठाता डॉ. विमल कुमार दूबे की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय परिसर को गाजर घास मुक्त एवं स्वच्छ बनाने के लिए 'स्वच्छता अभियान' चलाकर गाजर घास, लेमन घास एवं कृषि विज्ञान के उद्यान भूमि की की क्यारियों में सफाई की गई। जिसमें महायोगी आदिनाथ इकाई के स्वयंसेवक कृषि विज्ञान के विद्यार्थी एवं कार्यक्रम अधिकारी उपस्थित रहें।

## विश्व ओजोन दिवस (महंत अवेद्यनाथ पैरामेडिकल कॉलेज)





**पैरामेडिकल कॉलेज में विश्व ओजोन दिवस पर परिसर की सफाई करते स्वयंसेवक एवं प्रेजेंटेशन देती छात्रा।**

दिनांकः **16 सितम्बर, 2023** को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत महायोगी संतोषनाथ इकाई के तत्वाधान में महंत अवेद्यनाथ पैरामेडिकल कॉलेज के विभागाध्यक्ष श्री रोहित कुमार श्रीवास्तव के अध्यक्षता में विश्व ओजोन दिवस के अवसर पर प्रेजेंटेशन तथा परिसर को स्वच्छ बनाने का अभियान चलाया गया।

जिसमें पैरामेडिकल के छात्रों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग लिया। कार्यक्रम को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने में श्री कुंवर अभिनव सिंह एवम् पैरामेडिकल के समस्त शिक्षकगण ने विशेष भूमिका निभाई।

## स्वच्छता अभियान (सम्बद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय)




**वैष्णो देवी मंदिर की साफ–सफाई करते स्वयंसेवक एवं अधिकारी।**

दिनांकः **18 सितम्बर, 2023** को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में भारत सरकार द्वारा संचालित 15 सितंबर से 02 अक्टूबर के कार्यक्रम योजना 'स्वच्छता ही सेवा' के अंतर्गत ग्राम पंचायत बालापार में संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के उदयनाथ इकाई के तत्वाधान में स्वच्छता का अभियान चलाया गया। जिसमें संबंध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के उदयनाथ इकाई के समस्त स्वयं सेवकों के द्वारा बालापार महामाया वैष्णों देवी मंदिर में सफाई की गई। कार्यक्रम को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी श्री धनंजय पांडेय एवं छात्र शिवम पांडेय अदिति सिंह, आशीष चौधरी, अमित पाठक, अंकुश, अनमोल, प्रीतेश, गरिमा प्रकृति, नीरज ने विशेष भूमिका निभाई।

## स्वच्छता अभियान (महंत अवेद्यनाथ पैरामेडिकल कॉलेज)

दिनांकः **18 सितम्बर, 2023** को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना की महायोगी संतोषनाथ इकाई द्वारा भारत सरकार की संचालित दिनांक : 15 सितंबर से 02 अक्टूबर के कार्यक्रम 'स्वच्छता ही सेवा' के अंतर्गत विश्वविद्यालय परिसर में स्थित मंदिर के परिसर की साफ–सफाई का कार्य किया गया। जिसमें स्वयंसेवकों ने मंदिर के अन्दर एवं बाहर स्थित पार्क की सफाई का कार्य किया एवं पार्क को स्वच्छ रखने के लिए सभी को जागरूक किया।

कार्यक्रम को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने में राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी सुश्री सुप्रिया गुप्ता एवं पैरामेडिकल के शिक्षक कुंवर अभिनव सिंह राठौड़ ने विशेष भूमिका निभाई।



**विश्वविद्यालय स्थित मंदिर प्रांगण की साफ–सफाई करती स्वयंसेविका।**

# स्वच्छता अभियान (सम्बद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय)





उच्च प्राथमिक विद्यालय, बालापार में सफाई करते एवं छात्र–छात्राओं को प्लास्टिक प्रतिबंधन के बारे में जागरूक करते राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक।

दिनांकः 19 सितम्बर, 2023 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, गोरखपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना की ईकाई द्वारा आयोजित 'प्लास्टिक प्रतिबंधन पर जागरूकता अभियान' के अंतर्गत महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, गोरखपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की महायोगी आदिनाथ एवं महायोगी मत्स्येन्द्रनाथ ईकाई के संयुक्त तत्वाधान मे 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के अन्तर्गत जागरूकता अभियान चलाया गया। यह आयोजन कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय बालापार में कक्षा एक से आठवीं तक के विद्यार्थियों को प्लास्टिक के प्रयोग के दुष्परिणामों एवं वातावरण को होने वाली हानियों के बारे में विस्तारपूर्वक बताकर उन्हें इसका प्रयोग नहीं करने के लिए जागरूक किया गया। सभी स्वयं सेवकों ने स्वच्छता ही सेवा के तहत विद्यालय परिसर में झाड़ू लगाकर पौधो की सफाई इत्यादि कार्यों को करके बच्चों को अपने विद्यालय में साफ–सफाई कैसे रखनी है इसके बारे में सिखाया। विद्यालय सभी के बच्चे और शिक्षकों के सहयोग से स्वच्छता एवं जागरूकता अभियान सफल बनाया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना की टीम में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विकास कुमार यादव, डॉ. अनामिका अर्जरिया तथा आचार्य साध्वी नन्दन पाण्डेय के देखरेख मे सकुशल संपन्न कराया गया।



विद्यालय प्रांगण की सफाई का कार्य करते स्वयंसेवक।



उच्च प्राथमिक विद्यालय, बालापार में छात्र–छात्राओं के साथ विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं कार्यक्रम अधिकारी।

# गणेश चतुर्थी : महोत्सव (राष्ट्रीय सेवा योजना)



प्रतियोगिता में बनाए गए पोस्टर को प्रस्तुत करते प्रतिभागी।

दिनांकः **19 सितम्बर, 2023** को श्री गणेश चतुर्थी के अवसर पर महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर में **सम्बद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय** एवं **दीप्तिमान संस्कृति फाउन्डेशन** के संयुक्त तत्वावधान में संयोजित **गणपति बप्पा मोरया प्रदर्शनी और आन द स्पॉट प्रतियोगिता** करायी गयी। जिसमें प्रातः प्रदर्शनी का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ. अतुल कुमार बाजपेई ने द्वीप प्रज्ज्वलित कर, गणपति बप्पा की पूजा एवं आराधना की।

माननीय कुलपति जी ने गणपति बप्पा महोत्सव मनाने का महत्व बताते हुए कहा कि ईश्वर के प्रति सदा भक्तिभाव रखने साथ–साथ विद्यार्थियों के द्वारा बनायीं गयी कलाकृति से उनके अन्दर कलात्मक सृजन एवं धर्म के प्रति आस्था की नयी दृष्टि उत्पन्न हुई है। जिससे विद्यार्थियों में कलात्मक अभिव्यक्ति की दृष्टि विकसित होगी।

इस महोत्सव में विश्वविद्यालय के विद्यार्थी अंकिता, शिवांगी पाठक, कंचन, विंध्यवासनी गुप्ता, अनामिका सिंह, दुर्गावती भारती, अलका कुशवाहा, अनुष्का कनौजिया, मनु सिंह, संस्कृति सिंह, निकिता गौड, अमरजीत, विजय चौधरी, रुचि शुक्ला, खुशबू कुमारी, अजीत कुमार सिंह, अमृता कनौजिया, शिवम सिंह, आकांक्षा, मोतीलाल, अर्चिता गुप्ता, साक्षी त्रिपाठी, सानिया विश्वकर्मा, अदिति सिंह, निधि गुप्ता, प्रीतेश कुमार, अस्मिता सिंह, शीलू कसौधन, निधि, अंकिता सिंह, राजनंदिनी, सुनैना, वैष्णवी शुक्ला, अंजलि तिवारी आदि ने कुल 80 कलाकीर्ति के साथ सहभागिता किया। कलाकिर्तियो से श्री गणेश जी के विविध रूपों को रंग और मिक्स मीडिया से संयोजित कर बनाए गए गणपति बप्पा पर केंद्रित कलाकृतियों को प्रांगण में सजाया गया जिसे सभी के द्वारा उसका अवलोकन किया गया।

प्रदर्शनी में विश्वविद्यालय के समस्त विभागों के छात्र–छात्राओं ने बड़े ही मनोयोग के साथ सहभागिता किया। प्रदर्शनी में सम्बद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो. सुनील कुमार सिंह, आयुर्वेद कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मंजूनाथ एन. एस. कृषि संकाय के अधिष्ठाता डॉ. विमल कुमार दुबे, राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ. अखिलेश दूबे सहित विभाग के सभी प्राध्यापक उपस्थित रहें। आयोजन में विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने विशेष योगदान दिया। आन द स्पॉट प्रतियोगिता में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के ललित कला एवं संगीत विभाग के सह आचार्य डॉ. गौरी शंकर चौहान एवं सह आचार्य प्रदीप कुमार साहनी निर्णायक मण्डल के रूप में उपस्थित रहें जिसमें उन्होंने विद्यर्थियो के द्वारा निर्मित आकृतियो का अवलोकन कर उसमें कला की बारीकियो का उचित मार्गदर्शन दिया आन द स्पॉट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अल्का कुशवाहा मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी, द्वितीय सानिया विश्वकर्मा मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी, अरचिता गुप्ता बॉयोटेक्नोलॉजी, तृतीय अमरजीत कृषि विभाग, दुर्गेश नंदनी साहनी बायोटेक्नोलॉजी एवं सांत्वना निकिता गोंड कृषि विभाग, प्रियंका चौधरी नर्सिंग, रूपाली शर्मा नर्सिंग, निधि माइक्रोबायोलॉजी, दीक्षारानी जेएनएमए ने श्रेष्ठता पुरस्कार प्राप्त किया। प्रदर्शनी का संयोजन डॉ संदीप कुमार श्रीवास्तव जी के नेतृत्व में किया गया ।

# स्वच्छता अभियान (सम्बद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय)



स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत विश्वविद्यालय परिसर में सफाई करते विद्यार्थी।

दिनांकः **20 सितम्बर, 2023** को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में **राष्ट्रीय सेवा योजना** के तत्वावधान में भारत सरकार द्वारा संचालित 15 सितंबर से 02 अक्टूबर के कार्यक्रम योजना 'स्वच्छता ही सेवा' के अंतर्गत आज विश्वविद्यालय के परिसर को सुंदर एवं स्वच्छ बनाने का अभियान चलाया गया। जिसमें संबंध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के डॉ. सुनील कुमार सिंह की अध्यक्षता में **राष्ट्रीय सेवा योजना** के उदयनाथ इकाई द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में प्रशासनिक भवन के समीप फुलवारी में सफाई का कार्य कराया गया।

जिसमें उदयनाथ इकाई के बॉयोटेक्नोलॉजी, मेडिकल माइक्रोबॉयोलॉजी एवं मेडिकल बॉयोकेमिस्ट्री विभाग की समस्त स्वयं सेवकों के द्वारा सफाई का कार्य कराया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी श्री धनंजय पांडेय ने विशेष भूमिका निभाई।

## स्वच्छता ही सेवा (कृषि संकाय)



कृषि विज्ञान केंद्र में सफाई करते राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक।

दिनांकः **20 सितम्बर, 2023** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वधान में भारत सरकार द्वारा संचालित 'स्वच्छता ही सेवा' कार्यक्रम के अंतर्गत महायोगी आदिनाथ इकाई के द्वारा महायोगी गोरखनाथ कृषि विज्ञान केंद्र, पीपीगंज में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

इस कार्यक्रम का आयोजन कृषि संकाय के सहायक अध्यापक डॉ. विकाश कुमार यादव के अध्यक्षता में केंद्र के प्रशानिक भवन की साफ–सफाई, बगीचा परिक्षेत्र इत्यादि में छात्रों ने पौधो की सफाई कर 'स्वच्छता अभियान' का सन्देश प्रस्तुत किया । जिसमें कृषि संकाय के स्नातक के प्रथम वर्षीय विद्यार्थी एवं कृषि विज्ञान केंद्र के सफाई कर्मचारी के सहयोग के द्वारा प्रशानिक भवन एवं बगीचा परिक्षेत्र में साफ–सफाई का संपन्न हो पाया। महायोगी गोरखनाथ कृषि विज्ञान केंद्र के उद्यान विज्ञान के वस्तु विज्ञान विशेषज्ञ वैज्ञानिक डॉ. अजीत श्रीवास्तव ने बगीचा परिक्षेत्र में सफाई की महत्ता के बारे में एवं बगीचा परिक्षेत्र में लगने वाले मुख्य खर पतवार के नियंत्रण करने के उपाय के बारे विस्तार से बताया ।

## स्वच्छता ही सेवा (महंत अवेद्यनाथ पैरामेडिकल कॉलेज)



मंदिर की साफ–सफाई करतीं स्वंयसेविका।

दिनांकः **20 सितम्बर, 2023** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वधान में भारत सरकार द्वारा संचालित 'स्वच्छता ही सेवा' कार्यक्रम के अंतर्गत महायोगी संतोषनाथ इकाई के तत्वाधान में महंत अवेद्यनाथ पैरामेडिकल कॉलेज के विभागाध्यक्ष श्री रोहित कुमार श्रीवास्तव के अध्यक्षता में 'स्वच्छता ही सेवा' के अन्तर्गत महेसरा पुल के पास स्थित मंदिर परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं द्वारा साफ–सफाई का कार्य किया गया।

कार्यक्रम में मृदुला, शिवांगी, अंजू, स्मिता, अंतिमा, दीपिका, अनुराधा, प्रीति, अमृता, भूमिका, खुशी, ज्योतिमा ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम अधिकारी सुश्री सुप्रिया गुप्ता व पैरामेडिकल के शिक्षक कुंवर अभिनव सिंह राठौड़ ने विशेष भूमिका निभाई।

## स्वच्छता ही सेवा (गुरू श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग)



कॉलेज प्रांगण की सफाई करतीं राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वंयसेविका।

दिनांकः **20 सितम्बर, 2023** को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान मे भारत सरकार द्वारा संचालित 15 सितंबर से 02 अक्टूबर के कार्यक्रम योजना 'स्वच्छता ही सेवा' के अंतर्गत आज विश्वविद्यालय के परिसर को सुंदर एवं स्वच्छ बनाने का अभियान चलाया गया। जिसमें संबंध में नर्सिंग विभाग की प्राचार्या डॉ. डी. एस. अजीथा के अध्यक्षता में राष्ट्रीय सेवा योजना के इकाई गजकंठड दास द्वारा विश्वविद्यालय परिसर मे मां पाटेश्वरी सेवाश्रम व नर्सिंग कॉलेज के समीप फुलवारी में नर्सिंग कॉलेज के सफाई का कार्य कराया गया।

जिसमें गजकंठड़ इकाई के नर्सिंग विभाग की समस्त स्वयं सेवकों के द्वारा सफाई का कार्य कराया गया। कार्यक्रम को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी सुश्री खुशबू, सुश्री श्रुति कुशवाहा और अमीरता कुमारी ने विशेष भूमिका निभाई।

## स्वच्छता ही सेवा : पंचप्रण शपथ ग्रहण (सम्बद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय)

दिनांकः **21 सितम्बर, 2023** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में **राष्ट्रीय सेवा योजना** के तत्वावधान में भारत सरकार द्वारा संचालित 15 सितंबर से 02 अक्टूबर के कार्यक्रम योजना **'स्वच्छता ही सेवा'** के अंतर्गत ग्राम पंचायत बालापार में संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के उदयनाथ इकाई के तत्वाधान तथा संकायाध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार सिंह की अध्यक्षता में इकाई के स्वयं सेवकों द्वारा प्राथमिक विद्यालय बालापार द्वितीय में उपस्थिति शिक्षकों, कर्मचारियों व विद्यार्थियों को पंचप्रण की शपथ दिलाई गई एवं देश को विकसित बनाने, एकजुट रखने एवं नागरिक कर्तव्यों की बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में **राष्ट्रीय सेवा योजना** के कार्यक्रम अधिकारी श्री धनंजय पांडेय एवं छात्र शिवम पांडेय अदिति सिंह, आशीष चौधरी, अमित पाठक, अनमोल, प्रीतेश, अर्चना, सानिया एवं अन्य स्वयंसेवकों ने विशेष भूमिका निभाई।



**बालापार के प्राथमिक विद्यालय में पंचप्रण की शपथ दिलाते विद्यार्थी।**

## स्वच्छता ही सेवा (महंत अवेद्यनाथ पैरामेडिकल कॉलेज)


**प्लास्टिक प्रतिबंधन पर जागरूकता करती छात्रा।**

दिनांकः **21 सितम्बर, 2023** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में **राष्ट्रीय सेवा योजना** के तत्वावधान में भारत सरकार द्वारा संचालित 15 सितंबर से 02 अक्टूबर के कार्यक्रम योजना **'स्वच्छता ही सेवा'** के अंतगत महायोगी संतोषनाथ इकाई के द्वारा महंत अवेद्यनाथ पैरामेडिकल कॉलेज के विभागाध्यक्ष श्री रोहित कुमार श्रीवास्तव के अध्यक्षता में 'स्वच्छता ही सेवा' के अन्तर्गत 'प्लास्टिक प्रतिबंधन' पर जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। कार्यक्रम में शिवांगी पाठक ने अपने सहपाठियों को प्लास्टिक से होने वाले प्रदूषण के बारे में बताते हुए उससे होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी दी और सभी से प्लास्टिक को कम से कम उपयोग करने का आग्रह किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम अधिकारी सुश्री सुप्रिया गुप्ता व पैरामेडिकल के समस्त शिक्षकगण ने विशेष भूमिका निभाई।

## स्वच्छता ही सेवा (महंत अवेद्यनाथ पैरामेडिकल कॉलेज)

दिनांकः 22 **सितम्बर,** 2023 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत महायोगी संतोषनाथ इकाई के तत्वाधान में महंत अवेद्यनाथ पैरामेडिकल कॉलेज के विभागाध्यक्ष श्री रोहित कुमार श्रीवास्तव के अध्यक्षता में 'स्वच्छता ही सेवा' के अन्तर्गत 'स्वच्छता शपथ' कार्यक्रम एवं 'जागरूकता अभियान' चलाया गया।

कार्यक्रम में स्वयसेविका मोहिनी चौहान व खुशी चौधरी ने अपने सहपाठियों को स्वच्छता की शपथ ग्रहण करायी। सभी छात्र एवं छात्राओं ने स्वच्छता शपथ में वे प्रति वर्ष 100घंटे स्वच्छता कार्य के लिए निकालेंगे साथ ही साथ अपने आसपास के लोगों को इसके प्रति जागरूक भी करेंगे ।

कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम अधिकारी सुश्री सुप्रिया गुप्ता व पैरामेडिकल के समस्त शिक्षकगण ने विशेष भूमिका निभाई।


**स्वच्छता की शपथ ग्रहण करते विद्यार्थी।**

## स्वच्छता ही सेवा : (कृषि संकाय एवं सम्बद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय)



स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत साफ–सफाई करते विद्यार्थी।

दिनांकः 23 सितम्बर, 2023 महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान मे भारत सरकार द्वारा संचालित 15 सितंबर से 02 अक्टूबर के कार्यक्रम योजना 'स्वच्छता ही सेवा' के अंतर्गत में संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय की महायोगी उदयनाथ इकाई एवं कृषि विज्ञान एवं सम्बद्ध उद्योग संकाय की महायोगी आदिनाथ ईकाई के द्वारा विश्वविद्यालय के पंचकर्मा से लेकर चिलुआताल बांध के किनारे पर लगे पौधो की कटाई छटाई एवं 'स्वच्छता अभियान' का आयोजन किया गया। जिसमें कृषि विज्ञान स्नातक के प्रथम व द्वितीय वर्षीय के छात्राओ व छात्रों ने उत्साहपूर्वक विश्वविद्यालय के पंचकर्मा से लेकर चिलुआताल बांध के किनारे पर लगे पौधो की कटाई छटाई एवं सफाई की गयी।

वहीं उदयनाथ इकाई के तत्वाधान में समस्त स्वयं सेवकों के द्वारा चिलुआताल के बांध पर स्वच्छता अभियान और पौधा संरक्षण का कार्य किया गया। जिसमें बायोटेक्नोलॉजी, मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी और मेडिकल बायोकेमिस्ट्री के विद्यार्थियो ने मनोयोग के साथ कार्य किया। कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में राष्ट्रीय सेवा योजना के महायोगी आदिनाथ इकाई के प्रभारी डॉ. विकाश कुमार यादव एवं महायोगी उदयनाथ ईकाई के श्री धनंजय पांडेय ने विशेष भूमिका निभाई।

## स्वच्छता ही सेवा : (महंत अवेद्यनाथ पैरामेडिकल कॉलेज)

दिनांकः 23 सितम्बर, 2023 महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान मे भारत सरकार द्वारा संचालित 15 सितंबर से 02 अक्टूबर के कार्यक्रम योजना 'स्वच्छता ही सेवा' के अंतर्गत महायोगी संतोषनाथ इकाई के तत्वाधान में महंत अवेद्यनाथ पैरामेडिकल कॉलेज के विभागाध्यक्ष श्री रोहित कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में 'स्वच्छता ही सेवा' के अन्तर्गत विश्वविद्यालय परिसर में 'स्वच्छता हेतु जागरूकता अभियान' चलाया गया। कार्यक्रम में स्वयसेविका मोहिनी चौहान, ऋतु सिंह, प्रिया सिंह, बंदना सिंह, प्रीति सिंह ने विश्वविद्यालय परिसर में साफ–सफाई का कार्य की एवं परिसर के सभी लोगो को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम अधिकारी सुश्री सुप्रिया गुप्ता व पैरामेडिकल के शिक्षक कुंवर अभिनव सिंह राठौड़ ने विशेष भूमिका निभाई।



सफाई करती स्वयंसेविकाएं।

## स्वच्छता अभियान (सम्बद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय)



विश्वविद्यालय परिसर में साफ–सफाई करतीं छात्राएं।

दिनांकः 25 सितम्बर, 2023 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में **राष्ट्रीय सेवा योजना** के तत्वावधान मे भारत सरकार द्वारा संचालित कार्यक्रम **'स्वच्छता ही सेवा'** जो 15 सितंबर से 02 अक्टूबर तक सक्रिय रहेगा। इस कार्यक्रम में संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के उदयनाथ इकाई ने भी उत्साह के साथ अपनी भागीदारी दी। संकायाध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार सिंह की अध्यक्षता में उदयनाथ इकाई के समस्त स्वयं सेवकों द्वारा विश्वविद्यालय में स्थित आयुर्वेद कॉलेज के पंचकर्मा, फुलवारी की सफाई की गई, इस अभियान में बीएससी बॉयोटेक्नोलॉजी, मेडिकल माइक्रोबॉयोलॉजी और मेडिकल बॉयोकेमिस्ट्री के स्वयं सेवकों द्वारा परिसर के अन्य विभिन्न हिस्सों में भी स्वच्छता को सुचारू रूप क्रियान्वित किया गया। कार्यक्रम को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने में सम्बद्ध विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रोफ़ेसर सुनील सिंह जी एवं कार्यक्रम अधिकारी श्री धनंजय पांडेय ने अहम भूमिका निभाई।

राष्ट्रीय सेवा योजना
NATIONAL SERVICE SCHEME

## स्वच्छता अभियान (गुरू श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग)




स्वच्छता की शपथ लेतीं नर्सिंग कॉलेज की छात्राएं।

दिनांकः **25 सितम्बर, 2023** को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत महायोगी चौरंगीनाथ इकाई के तत्वाधान में तत्वाधान में गुरू श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग के प्रधार्चा डॉ. डी. एस. अजीथा की अध्यक्षता में 'स्वच्छता ही सेवा' के अन्तर्गत 'स्वच्छता शपथ' कार्यक्रम एवं 'जागरूकता अभियान' चलाया गया।

कार्यक्रम में स्वंयसेविका अनुपमा ने अपने सहपाठियों को शपथ ग्रहण कराया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम अधिकारी सुश्री अमृता व श्रुति कुशवाहा ने विशेष भूमिका निभाई।

## स्वच्छता अभियान (कृषि संकाय)



स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत आयोजित शपथ ग्रहण में शपथ लेते विद्यार्थी एवं प्राध्यापकगण।

दिनांकः **26 सितम्बर, 2023** को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत महायोगी आदिनाथ इकाई व महायोगी मत्सेंद्रनाथ इकाई द्वारा संयुक्त रूप से 'स्वच्छता शपथ' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. विमल कुमार दूबे अधिष्ठाता कृषि विज्ञान संकाय द्वारा किया गया। शपथ ग्रहण कृषि विज्ञान के छात्र अनिकेत मल्ल ने कराया। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान के सहायक अध्यापक डॉ. हरी कृष्ण ने 'स्वच्छता व नशामुक्ति' विषय पर बताते हुए कहा स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। अस्वस्थ होने पर मानव सुखी जीवन नही व्यतीत कर सकता है। सुख सम्पत्ति पाने के लिये मानव को उत्तम स्वास्थ्य की कि आवश्यकता ही पड़ेगी इसलिए हमें अपने आस पास के वातावरण को सुन्दर व स्वच्छ रखना पड़ेगा एव नशे से होने वाले दुष्प्रभाव पर प्रकाश डाला और सभी का आह्वान किया की देश में नशा मुक्त बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें।

कार्यक्रम में कृषि विज्ञान संकाय के सभी शिक्षक, कृषि स्नातक के छात्र व आयुर्वेद के छात्र उपस्थित रहें एवं महायोगी आदिनाथ इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विकाश कुमार यादव के नेतृत्व में संपन्न कराया गया।

## स्वच्छता अभियान (सम्बद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय)

दिनांकः **27 सितम्बर, 2023** को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर में **राष्ट्रीय सेवा योजना** के तत्वावधान मे भारत सरकार द्वारा संचालित कार्यक्रम 15 सितंबर से 02 अक्टूबर 'स्वच्छता ही सेवा' में कार्यक्रम में संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय की महायोगी उदयनाथ इकाई ने संकायाध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार सिंह की अध्यक्षता में इकाई के समस्त स्वयं सेवकों को स्वच्छता के लिए शपथ ग्रहण कराया गया। इस कार्यक्रम में बीएससी बॉयोटेक्नोलॉजी, मेडिकल माइक्रोबॉयोलॉजी और मेडिकल बॉयोकेमिस्ट्री के स्वयंसेवक एवं विभाग के समस्त विद्यार्थी ने शपथ लिया। कार्यक्रम को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने में कार्यक्रम अधिकारी श्री धनंजय पांडेय ने अहम भूमिका निभाई।



स्वच्छता कार्यक्रम में शपथ लेते विद्यार्थी एवं प्राध्यापक।

## स्वच्छता अभियान (महंत अवेद्यनाथ पैरामेडिकल कॉलेज)

दिनांकः **27 सितम्बर, 2023** को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर में **राष्ट्रीय सेवा योजना** के तत्वावधान मे भारत सरकार द्वारा संचालित कार्यक्रम 15 सितंबर से 02 अक्टूबर 'स्वच्छता ही सेवा' में कार्यक्रम में महायोगी संतोषनाथ इकाई के तत्वावधान में महंत अवेद्यनाथ पैरामेडिकल कॉलेज के विभागाध्यक्ष श्री रोहित कुमार श्रीवास्तव के अध्यक्षता में 'स्वच्छता ही सेवा' के अन्तर्गत विश्वविद्यालय परिसर में स्वच्छता हेतु जागरूकता रैली निकालकर सभी को जागरूक किया। कार्यक्रम में स्वयसेविका मीना मौर्य, सुष्मिता, भूमिका, फलक नाज प्रीति, मोहिनी चौहान, आयुषी पांड, शिवांगी पाठक ने 'स्वच्छ भारत स्वास्थ्य' भारत' एवं 'स्वच्छ भारत' है बड़ा अभियान सब मिल के करें अपना योगदान इत्यादि नारे से पूरा विश्वविद्यालय गूंज उठा। कार्यक्रम कार्यक्रम अधिकारी सुश्री सुप्रिया गुप्ता के निर्देशन में संपन्न कराया गया ।




स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत जागरूकता रैली में पैरामेडिकल की छात्राएं।

## स्वच्छता अभियान (गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग)



स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत शपथ ग्रहण करते विश्वविद्यालय के विद्यार्थी।

दिनांकः **30 सितम्बर, 2023** को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग विभाग की प्राचार्या डॉ. डी. एस. अजीथा एवं महंत अवेद्यनाथ पैरामेडिकल विभाग के विभागाध्यक्ष श्री रोहित कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई महायोगी संतोषनाथ एवं महायोगी सत्यनाथ, महायोगी अचल– अचंबेनाथ, महायोगी गजकंथडनाथ एवं महायोगी चौरंगीनाथ इकाई के द्वारा 'स्वच्छता ही सेवा' कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रार्थना सभा में 'स्वच्छता' के प्रति 'शपथ ग्रहण' कराया गया। जिसमें महात्मा गांधी ने जिस भारत का सपना देखा था उसमें सिर्फ राजनैतिक आजादी ही नहीं थी, बल्कि एक स्वच्छ एवं विकसित देश की कल्पना भी थी। महात्मा गांधी ने गुलामी की जंजीरों को तोड़कर माँ भारती को आजाद कराया । अब हमारा कर्तव्य है कि गंदगी को दूर करके भारत माता की सेवा करें। स्वच्छता के लिए सभी ने शपथ लिया कि ''मैं शपथ लेता हूं कि मैं स्वयं स्वच्छता के प्रति सजग रहूंगा और उसके लिए समय हर वर्ष 100 घंटे यानी हर सप्ताह 2 घंटे श्रमदान करके स्वच्छता के इस संकल्प को चरितार्थ करूंगा। मैं न गंदगी करूंगा न किसी और को करने दूंगा। सबसे पहले मैं स्वयं से, मेरे परिवार से मेरे मुहल्ले से मेरे गांव से एवं मेरे कार्यस्थल से शुरुआत करूंगा। मैं यह मानता हूं कि दुनिया के जो भी देश स्वच्छ दिखते हैं उसका कारण यह है कि वहां के नागरिक गंदगी नहीं करते और न ही होने देते हैं। इस विचार के साथ मैं गांव–गांव और गली–गली स्वच्छ भारत मिशन का प्रचार करूंगा। मैं आज जो शपथ ले रहा हूं, वह अन्य 100 व्यक्तियों से भी करवाऊंगा। वे भी मेरी तरह स्वच्छता के लिए 100 घंटे दें, इसके लिए प्रयास करूंगा। मुझे मालूम है कि स्वच्छता की तरफ बढ़ाया गया मेरा एक कदम पूरे भारत देश को स्वच्छ बनाने में मदद करेगा।''

कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम अधिकारी सुश्री अमृता, सुश्री सुप्रिया गुप्ता, नर्सिंग व पैरामेडिकल के समस्त शिक्षकगण ने विशेष भूमिका निभाई।

# People were made aware of civic duties by administering the oath of Panchapran

***JEEVAN EXPRESS BUREAU***

GORAKHPUR: Under the aegis of National Service Scheme at Mahayogi Gorakhnath University, a duty awareness campaign was conducted by the Udaynath unit of the Faculty of Health Sciences affiliated in Gram Panchayat Balapar on Thursday under Swachhta Hi Seva. During this, under the chairmanship of Prof. Sunil Kumar Singh, Chairman of the Faculty of Allied Health Sciences, the Panch Pran Oath was administered to the teachers, staff and students present in Primary School Balapar II by the volunteers. The volunteers also made everyone aware about developing the country, keeping it united and civic duties. National Service Scheme program officer Dhananjay Pandey and students Shivam Pandey, Aditi Singh, Ashish Chaudhary, Amit Pathak, Anmol, Pritesh, Archana, Sania etc. took active participation in this event. In this sequence, an awareness program on "Plastic Ban" was run by Mahayogi Santoshnath Unit under the chairmanship of Rohit Kumar Srivastava, Head of Department of Mahant Avedyanath Paramedical College. In the program, Shivangi Pathak told her classmates about the pollution caused by plastic. Program officer Supriya Gupta and all the paramedical teachers played a role in making this program successful.

# महायोगी गोरखनाथ विवि में चला स्वच्छता अभियान

**गोरखपुर (स्पष्ट आवाज)।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की महायोगी आदिनाथ इकाई एवं महायोगी उदयनाथ इकाई के संयुक्त तत्वावधान मे विश्वविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ.अखिलेश कुमार दूबे के नेतृत्व में सफाई एवं स्वच्छता का सघन अभियान चलाया गया।



इस दौरान विश्वविद्यालय परिसर के अलग अलग स्थानों जैसे आयुर्वेद कॉलेज के सामने की क्यारियों, वाटिका आदि की सघन सफाई की गई। साथ ही कृषि संकाय के छात्रों ने सभी स्वंयसेवकों को नवीन क्यारियो का निर्माण करने की विधि का प्रशिक्षण दिया। इस अभियान में कार्यक्रम अधिकारी विकास कुमार यादव, धनंजय कुमार पांडेय, स्वयंसेवक शिवम, प्रियांश, साक्षी, संदीप आदि की सक्रिय सहभागिता रही।

# गोरखनाथ विश्वविद्यालय में चलाया स्वच्छता अभियान

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में स्वच्छता अभियान संचालित किया गया। इसका आयोजन एनएसएस के महायोगी आदिनाथ इकाई एवं महायोगी उदयनाथ इकाई के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ.अखिलेश कुमार दूबे के नेतृत्व में अभियान चलाया गया।

इस दौरान विश्वविद्यालय परिसर के अलग-अलग स्थानों जैसे आयुर्वेद कॉलेज के सामने की क्यारियों, वाटिका आदि की सफाई की गई। साथ ही कृषि संकाय के छात्रों ने सभी स्वंयसेवकों को नवीन क्यारियों का निर्माण करने की विधि का प्रशिक्षण दिया। इस अभियान में कार्यक्रम अधिकारी विकास कुमार यादव, धनंजय कुमार पांडेय, शिवम, प्रियांश, साक्षी, संदीप की सहभागिता रही।

**आयुर्वेद कालेज के छात्रों को दी गई इलेक्टिव विषय की जानकारी :** गोरखपुर : महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अंतर्गत संचालित गुरु गोरक्षनाथ इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज ( आयुर्वेद कालेज ) में शनिवार को इलेक्टिव विषय की जानकारी दी गई। प्राचार्य डा. मंजूनाथ एनएस की अध्यक्षता में द्रव्यगुण विभाग के प्रोफेसर डा. गिरिधर वेदांता ने सुश्रुत बैच ( 2022-23 ) के विद्यार्थियों को नेशनल कमीशन फार इंडियन सिस्टम आफ मेडिसिन ( एनसीआइएसएम ) की ओर से प्रस्तावित विषय के बारे में बताया। कहा कि व्यावसायिक सत्र में तीन विषय में 10 अंक के इलेक्टिव कोर्स अनिवार्य हैं। इस दौरान रसशास्त्र के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डा. नवीन, परीक्षा नियंत्रक अमित सिंह आदि मौजूद रहे। (विज्ञप्ति)

# महायोगी गोरखनाथ विवि में चलाया गया स्वच्छता अभियान

स्वतंत्र चेतना

नगर संवाददाता /गोरखपुर। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की महायोगी आदिनाथ इकाई एवं महायोगी उदयनाथ इकाई के संयुक्त तत्वावधान मे विश्वविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ.अखिलेश कुमार दूबे के नेतृत्व में सफाई एवं स्वच्छता का सघन अभियान चलाया गया।



इस दौरान विश्वविद्यालय परिसर के अलग अलग स्थानों जैसे आयुर्वेद कॉलेज के सामने की क्यारियों, वाटिका आदि की सघन सफाई की गई। साथ ही कृषि संकाय के छात्रों ने सभी स्वंयसेवकों को नवीन क्यारियो का निर्माण करने की विधि का प्रशिक्षण दिया। इस अभियान में कार्यक्रम अधिकारी विकास कुमार यादव, धनंजय कुमार पांडेय, स्वयंसेवक शिवम, प्रियांश, साक्षी, संदीप आदि की सक्रिय सहभागिता रही।

# महायोगी गोरखनाथ विवि में चलाया गया स्वच्छता अभियान





**गो०मे०सं०**

गोरखपुर। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की महायोगी आदिनाथ इकाई एवं महायोगी उदयनाथ इकाई के संयुक्त तत्वावधान मे विश्वविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अखिलेश कुमार दूबे के नेतृत्व में सफाई एवं स्वच्छता का सघन अभियान चलाया गया। इस दौरान विश्वविद्यालय परिसर के अलग अलग स्थानों जैसे आयुर्वेद कॉलेज के सामने की क्यारियों, वाटिका आदि की सघन सफाई की गई। साथ ही कृषि संकाय के छात्रों ने सभी स्वंयसेवकों को नवीन क्यारियो का निर्माण करने की विधि का प्रशिक्षण दिया। इस अभियान में कार्यक्रम अधिकारी विकास कुमार यादव, धनंजय कुमार पांडेय, स्वयंसेवक शिवम, प्रियांश, साक्षी, संदीप आदि की सक्रिय सहभागिता रही।


# महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर

आरोग्य धाम, बालापार रोड, सोनबरसा, गोरखपुर उत्तर प्रदेश-273007

# राष्ट्रीय सेवा योजना

**प्रकाशक**

**राष्ट्रीय सेवा योजना**



coordinator.nss@mgug.ac.in, mguniversitygkp@mgug.ac.in www.mgug.ac.in